केस स्टडी-1 (मार्च-2024)

दि: 01.03.2024

रोल डाउन

घटनाक्रम:- दि:-25.02.24 को उत्तर रेल्वे के फिरोजपुर मंडल में ट्रेन नंबर BOBY/N, लोको नं. 13646+14806 WDG3A LDH कठुआ स्टेशन से DMT (DN) ट्रेन की रोलिंग डाउन की घटना घटित हुई है, प्राप्त जानकारी के अनुसार DMT (DN) ट्रेन कठुआ स्टेशन पर शंटिंग एवं मार्शलिंग आदि के उपरांत पठानकोट साइड लोको को ट्रेन से अटेच तथा प्रेशर तैयार करके कार्यरत कर्मीदल द्वारा DN मेन लाइन नंबर 3 पर स्टेबल कर दिया गया (समय 5:40 बजे) I वहाँ पर 1:150 का डाउन ग्रेडिएंट था, लोड स्टेबलिंग के कुछ समय के बाद ही (समय 7.13 बजे) गाड़ी पठानकोट साइड की ओर रोल डाउन होना शुरू हो गई I डीजल MU लोको सहित पूरी गाड़ी लगभग 70 -75 Kmph की गति से रोल डाउन होते हुए 8 से 9 स्टेशन को पार करते हुए **उच्ची बस्सी स्टेशन** पर रेल्वे स्टाफ द्वारा किए गए प्रयासों से रोका गया I

संभावित कारण:-

1. कर्मीदल द्वारा स्पेयर जाने की जल्दवाजी की वजह से **लोड /लोको शट डाउन/ सिक्योर करने** की सही प्रक्रिया का पालन न करना I
2. **स्टेशन स्टाफ द्वारा भी लोड को** नियमानुसार सिक्योर न करना I
3. डाउन ग्रेडिएंट होने के बाबजूद लोको पायलट द्वारा **A-9 हेंडल को इमेर्जेंसी पोजीशन** पर न रखना I
4. लोको /लोड स्टेबल करते समय **GR 5.23/3 तथा SR 4.61/2** का पालन न करना I

उपरोक्त घटना से सबक:-

1. लोको पायलट ऑन ड्यूटि लोको को **अनमैंड न** छोड़ें (GR 4.61) I
2. लोको/लोड स्टेबल करते समय लोको पायलट **SA-9 से लोको ब्रेक** लगाएँ तथा A-9 हैंडल द्वारा **ईमेर्जेंसी ब्रेक लगाये और लगे ही रहने दें**
3. लोको का **हैंड ब्रेक / पार्किंग ब्रेक** लगाएँ तथा लोको के **चक्कों के नीचे वूडेन** वेजेस भी लगाएँ I
4. किसी भी कारण से गाड़ी खड़ी होने पर, रुकी गाड़ी को रोलिंग डाउन से बचाने के लिए **सर्वप्रथम लोको और ट्रेन में ब्रेक लगे हैं- सुनिश्चित** करें I
5. यदि इंजिन को लोड सहित या रहित स्टेबल करना हो तो **GR 5.23/3 तथा SR 4.61/2** में दिये गयें प्रावधानों का कड़ाई से पालन करें I
6. **TRO DRIVE 05/2024** में दिये गए निर्देशो का कड़ाई से पालन करवाएँ I

पवनजयंत
(पवन कुमार जयंत)
वरि.मं.वि.इंजि. (परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।